



## साइबर फ्रॉड से हड़पे 2 .57 लाख, 24 घंटे में पुलिस ने वापस कराए

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 26 फरवरी।** सायबर ठग द्वारा ई-चालान एपीके फाईल के माध्यम से बागचीनी क्षेत्र के गलेथा गांव के एक युवक के खाते से निकाले गए 3 लाख 57 हजार रूपये साइबर सैल की त्वरित कार्रवाई से महज 24 घंटे में पीड़ित के खाते में लौट आए है।

जानकारी के अनुसार गलेथा गांव में रहने वाले राकेश शर्मा पुत्र रामप्रकाश शर्मा 25 फरवरी की सुबह जब अपने घर पर थे, तभी उनके दोस्त ऋषि शर्मा के मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप्प पर मैसेज आया। जिसमें लिखा था कि उनके नाम से ई-चालान कटा है। जिसे चैक करने के लिए व्हाटसएप्प पर एक एपीके फाइल भेजी गई थी। राकेश शर्मा ने ई-चालान एपीके फाइल को डाउनलोड किया, लेकिन वो ओपन नहीं हुई। तब उन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद शाम करीब 4.30 बजे उनके मोबाइल फोन पर क्रेडिट कार्ड से 3 लाख 57 हजार 600 रूपये

**ई-चालान एपीके फाईल के जरिए 25 फरवरी को हुआ फ्रॉड**

आहरित अथवा ट्रांसफर होने संबंधी मैसेज आया। तब उन्होंने अपने दोस्त ऋषि शर्मा से इस संबंध में पूछा। ऋषि ने उन्हें बताया कि उसका मोबाइल फोन हैक हो गया था, अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनको मैसेज भेजा गया था। तब राकेश शर्मा को अपने साथ साइबर फ्रॉड होने का अहसास हुआ।

उन्होंने तत्काल पुलिस में शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए साइबर सैल मुरैना की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पेमेंट गेट-वे कंपनी के नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर उक्त ट्रांजेक्शन को रद्द करा दिया। जिसके बाद 24 घंटे के भीतर ठगी कर निकाली गई 3 लाख 57 हजार 600 रूपये की राशि पीड़ित राकेश शर्मा के खाते में वापस आ गई। इस कार्यवाही में साइबर सैल प्रभारी एसआई अभिषेक जादौन, प्र.आर. सुदेश, आरक्षक राहुल कुशवाह, शैलेन्द्र, अजय का सराहनीय योगदान रहा है।

## निगम का बकायादारों पर शिंकजा, सील की 20 दुकानें

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 26 फरवरी।** नगर निगम में संपत्तिकर और दुकानों का किराया समय पर जमा न करने वालों के विरुद्ध नगर निगम के राजस्व प्रभारी दर्शन डंडौतिया ने बुधवार को अमले के साथ बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान 20 दुकानों को सील किया गया।

नगर निगम की टीम ने शहर के पंसारी बाजार, अंबाह तिराहा और ओव्हरब्रिज के नीचे बने कॉम्प्लेक्स में स्थित दुकानों का किराया समय पर जमा न करने

**राजस्व प्रभारी दर्शन डंडौतिया के नेतृत्व में हुई कार्रवाई**

वाले बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 20 दुकानों को सील कर दिया। टीम ने दुकानदारों को बकाया राशि का भुगतान किए जाने के निर्देश दिए गए। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने बताया कि बकायादारों से राजस्व वसूली के लिए टीमें गठित की गईं है। आयुक्त श्री धाकरे ने नगर निगम के किराएदारों सहित शहर के नागरिकों से बकाया राशि को शीघ्र जमा कराए जाने का आग्रह किया है। कार्रवाई करने वाली टीम में ननि के आरआई घनश्याम डंडौतिया, रामहेत मौर्य सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

### नगर परिषद कैलारस की सामान्य सभा की बैठक आज

**मुरैना/कैलारस, 26 फरवरी।** नगर परिषद कैलारस की सामान्य सभा की बैठक आज 27 फ़रवरी को दोपहर 2.30 बजे परिषद कार्यालय में आयोजित की जाएगी। इस बार की बैठक अहम मानी जा रही है, शहर के विकास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े 38 महत्वपूर्ण प्रस्तावों वाले एजेंडे पर बैठक में चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएगें। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल ने बताया कि एजेंडे में यातायात व्यवस्था सुधारने ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाने, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने के प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न करों की वसूली, पशु पंजीयन शुल्क, सफाई, स्ट्रीट लाईट सहित विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर भी बैठक में चर्चा उपरांत निर्णय पारित किए जाएगें।

## अमर्यादित टिप्पणी करने वाले भाजपा नेता पर एफआईआर दर्ज हो : कांग्रेस



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 26 फरवरी।** प्राचीन जयश्वर महादेव मेला के रंगमंच पर खड़े होकर महिला कलाकार के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करने वाले भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जिनेश जैन के विरुद्ध एफ्आईआर दर्ज करने की मांग कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर व कांग्रेसी पार्षदों ने की है।

गुरुवार को अंबाह थाना प्रभारी को दिए ज्ञापन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पार्षदों ने कहा कि 24 फ्रवरी को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच से सार्वजनिक रूप से सारे गामापा की विजेता गायिका सोनल प्रधान का नाम लेकर अशोभनीय एवं महिला गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी भाजपा जिलाध्यक्ष जिनेश जैन द्वारा की गई, जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। सार्वजनिक मंच से की गई इस तरह की टिप्पणी महिलाओं की

**नपा अंबाह के कांग्रेस पार्षदों ने जिनेश जैन के विरुद्ध पुलिस को दिया ज्ञापन**

गरिमा के विरुद्ध है और इससे सामाजिक वातावरण प्रभावित होता है। उन्होंने संबंधित धाराओं में तत्काल प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष उमाचरण कटारे, पार्षद जय राजौरिया, ललिता अतेंद्र सैनी, श्वेता सुनील सखवार, ब्रजकिशोर सखवार, देवेंद्र सखवार, वीरेंद्र सखवार, सत्यप्रकाश सिंह, सरदार सिंह, भागीरथ प्रजापति, सोनू सखवार, भूरा तोमर, मनीष तोमर सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### पहले भी विवादों में रहे हैं जिनेश जैन

भाजपा नेता और नगर पालिका अध्यक्ष अंजलि जैन के पति जिनेश जैन सुर्खियों में हैं। एक वर्ष पूर्व मेले में ही भाजपा महामंत्री उमेश जैन के साथ मारपीट, पिस्टल दिखाकर धमकी देने, पुलिस टीम से अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा जैसे गंभीर आरोपों के चलते उनके खिलाफविभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। एक वर्ष पूर्व भी मेला मंच से दिए गए कथित आपत्तिजनक वक्तव्य का वीडियो सामने आया था, जिस पर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया हुई थी।

## एक नजर में

### कैलारस में युवक की मारपीट का मामला दर्ज

**मुरैना, 26 फरवरी।** कैलारस क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी उदयसिंह कुशवाह 42 पुत्र रामस्वरूप कुशवाह की 23 फरवरी को अजमेर सिंह, कुंटी सिंह, विकास, अतुल कुशवाह ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली थी। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### गाली-गलौज कर युवक की मारपीट, मामला दर्ज

**मुरैना, 26 फरवरी।** अंबाह क्षेत्र के ग्राम थरा में रहने वाले रवि खटीक 34 पुत्र पुरुषोत्तम खटीक की 25 फरवरी को कालीचरण माहौर, अंशु माहौर ने गालियां देते हुए मारपीट की। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### स्कूटी सवार ने राहगीर को टक्कर मारी, केस दर्ज

**मुरैना, 26 फरवरी।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में विगत 10 फरवरी को स्कूटी क्रं. एमपी06-जेडके-5023 के चालक ने चंबल कॉलोनी में पार्क के पास सड़क पर पैदल जा रहे फिरंगी सिंह परमार पुत्र रामबहादुर सिंह परमार नि. गोपालपुरा मुरैना को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया। पुलिस ने स्कूटी चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### रास्ता रोककर युवक की मारपीट, एफआईआर दर्ज

**मुरैना, 26 फरवरी।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत राठौर कॉलोनी निवासी योगेश राठौर 22 पुत्र राकेश राठौर की विगत 20 फरवरी को खजना खटीक, लल्ला खटीक, मोनू ठाकुर, सोनू ठाकुर ने रास्ता रोककर मारपीट कर डाली। पुलिस ने योगेश की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

### एक्स-रे रिपोर्ट पर युवक की मारपीट का केस दर्ज

**मुरैना, 26 फरवरी।** जौरा कस्बे में मई रोड पर रहने वाले सियाराम शाक्य 40 पुत्र मटरे शाक्य की 19 फरवरी को राजेन्द्र, पूरन, मोनू शाक्य ने लाठी, डंडों से मारपीट कर डाली थी। जिससे उसे चोटें आईं। पुलिस ने सियाराम की एक्स-रे रिपोर्ट के आधार पर अपराध दर्ज कर लिया है।

### युवकों की मारपीट के दो अलग-अलग केस दर्ज

**मुरैना, 26 फरवरी।** स्टेशन रोड थाना पुलिस ने मारपीट की धाराओं में दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए है। पुलिस ने गौरव पुत्र हरिमोहन यादव नि. मीरपुर की रिपोर्ट पर पवन, सौरभ यादव के विरुद्ध तथा छोटू पुत्र प्रहलाद जाटव नि. उत्तमपुरा की रिपोर्ट पर शिवसिंह, प्रमोद सिंह के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर लिए है।

### करंट लगने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**मुरैना, 26 फरवरी।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गट्टा फैक्टरी के पास किराए के मकान में रहने वाली महिला पूनम प्रजापति 26 पत्नी सुरेन्द्र प्रजापति निवासी ग्राम नरहेला जौरा 25 फरवरी की शाम को अपने घर में थी, तभी बिजली के तार से उसे करंट का जोरदार झटका लगा और वह अचेत हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचें, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### 4 मार्च को शाम 4 बजे तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**मुरैना, 26 फरवरी।** मप्र शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा 4 मार्च को जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार होली के त्योहार (रंग खेलने के दिन) पर कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से 4 मार्च को सायं 4 बजे तक शुष्क दिवस प्रभावी रहेगा। इस अवधि में जिले की सीमा में मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं उपभोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

### वरिष्ठ नागरिक सह पेंशनर्स संघ ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**मुरैना, 26 फरवरी।** पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के समाधान की मांगों को लेकर वरिष्ठ नागरिक सह पेंशनर्स संघ की ओर से 26 फरवरी को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में संगठन की ओर से 11 सूत्रीय मांगों का उल्लेख किया गया है। जिनमें केन्द्र सरकार द्वारा घोषित तिथि से मंहगाई राहत राशि 3 प्रतिशत वृद्धि के साथ दिए जाने, छटवें वेतनमान के 32 माह के एरियर का भुगतान, सातवें वेतनमान के 27 माह के एरियर का भुगतान, 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर्स के लिए पेंशन राशि में 20 प्रतिशत किए जाने, शिक्षकों को सेवानिवृत्ति पश्चात अर्जित अवकाश का नगदीकरण का लाभ दिए जाने की मांगें प्रमुख है। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवकुमार वाजपेयी, उजागर सिंह चौहान, छोटल्ली शर्मा, जेपी कौशिक आदि शामिल थे।

### सबमर्सिबल पंप चालू कर रहे युवक की करंट लगने से मौत

**मुरैना, 26 फरवरी।** नगरा थाना क्षेत्र के ग्राल लालपुरा में बुधवार की शाम को सबमर्सिबल पंप की मोटर को चालू कर रहे युवक को करंट का जोरदार झटका लगा, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम लालपुरा निवासी राहुल बाल्मीक 27 पुत्र रामरतन बाल्मीक बुधवार की शाम को अपने घर पर सबमर्सिबल पंप की मोटर को चालू करने बिजली का तार जोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक राहुल को करंट का जोरदार झटका लगा, जिससे वह अचेत हो गया। परिजन उसे पोरसा स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचें। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने जांच करने के बाद राहुल को मृत घोषित कर दिया।

## ईंट-पत्थरों से बनाया मुक्तिधाम का रास्ता, तब हुई दंपत्ति की अंत्येष्टि

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 26 फरवरी।** जनपद मुरैना की ग्राम पंचायत जींगनी में रहने वाले पति-पत्नी की आगरा में ट्रक से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। एक तो परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, दूसरा संकट उनके अंतिम संस्कार का पैदा हो गया। दरअसल शोकाकुल परिजन जब दंपत्ति के शव को कंधे पर उठाकर मुक्तिधाम पहुंचे तो मुक्तिधाम के टीनशेड के चारों तरफगंदा पानी भरा था। चबूतरों तक शव ले जाने के लिए रास्ता नहीं था। ऐसे में युवाओं ने ईंट-पत्थर रखकर



मुक्तिधाम तक पहुंचने का रास्ता बनाया, ग्रामीणजन संघर्ष करते हुए दोनों पार्थिव देह को लेकर मुक्तिधाम पहुंचें, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

जानकारी के अनुसार जींगनी निवासी मुकेश यादव 42 पुत्र जयवीर सिंह यादव अपनी पत्नी



**जींगनी निवासी पति-पत्नी की आगरा से लौटते समय हादसे में हुई मौत**

सीमा यादव (38) के साथ भाई की पुत्रवधु को देखने के लिए बुधवार को आगरा गए थे। आगरा से लौटते वक्त उनकी बाइक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### मुक्तिधाम गंदे पानी से घिरा, ग्रामीणों ने ईंट पत्थरों से बनाया रास्ता

जींगनी गांव का मुक्तिधाम जहां बना है, उसके चारों तरफ़गांव के घरों से निकलने वाला गंदा पानी भरा है। गांव में पक्का नाला न होने की वजह यह समस्या सालों से बनी हुई है। जब मुकेश यादव व सीमा यादव का शव कंधे पर लेकर परिजन व ग्रामीण मुक्तिधाम पहुंचे तो चबूतरों के चारों तरफ गंदा पानी भरा हुआ था। ऐसे में ग्रामीणों को दो घंटे तक शव कंधे पर रखकर इंतजार करना पड़ा। गांव के युवाओं ने ईंट-पत्थरों का ऊंचा-नीचा कच्चा रास्ता बनाया, तब कहीं जाकर दोनों शवों को मुक्तिधाम के चबूतरे तक ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।

**इनका कहना है...**

पूरे गांव का पानी एकत्रित हो रहा है। जब तक बड़ा नाला नहीं बनेगा, तब तक जलभराव समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

**रामदीन किरार, सरपंच जींगनी**

मुक्तिधाम के चहुंओर जलभराव क्यों हो रहा है और इसका समाधान क्या है, इसकी जानकारी मैं खुद सरपंच-सचिव से लेता हूं। जो भी संभव उपाय होगा, किया जाएगा।

**भूपेंद्र सिंह कुशवाह, एसडीएम मुरैना**

## सांड़ से टकराने के बाद ऑटो पलटा, ड्राईवर की मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 26 फरवरी।** दिमनी थाना क्षेत्र में एनएच-552 पर अचानक सड़क पर सामने आए एक आवारा सांड़ से टकराने के बाद तेज रफ्तार थ्री-व्हीलर ऑटो पलट गया।

**एनएच-552 पर दिमनी क्षेत्र में बुधवार की शाम हुआ हादसा**

हादसे में ऑटो ड्राईवर सहित दो लोग जख्मी हुए। जिनमें से ड्राईवर की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा बुधवार की शाम को होना बताया गया है।



जानकारी के अनुसार पोरसा क्षेत्र के ग्राम खेत की गढ़ी तरैनी निवासी सूरज राठौर 35 पुत्र कल्यान राठौर ग्वालियर में ऑटो चलाता है। सूरज ग्वालियर के शताब्दीपुरम में किराए के मकान में रहता था। 25 फरवरी की सुबह अपने थ्री-व्हीलर ऑटो को लेकर अपने गांव तरैनी पोरसा गया हुआ था। गांव में काम निपटाने के बाद शाम को सूरज ऑटो लेकर ग्वालियर जा रहा था। इसी दौरान जब उसका ऑटो एनएच-552 पर दिमनी के पास से गुजर रहा था। तभी ऑटो के सामने अचानक एक सांड़ आ गया। तेज रफ्तार ऑटो सांड़ से टकराने के बाद हाईवे पर पलट गया।

जिससे ऑटो चला रहा सूरज और उसमें सवार एक मुसाफिर जख्मी हो गए। डायल-112 वाहन ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## 12वीं के राजनीति शास्त्र के पेपर में 71 रहे अनुपस्थित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 26 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षाएं जिले में संचालित की जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बीएस इंदौलिया ने बताया कि 26 फरवरी को हायरसेकेंडरी का राजनीति शास्त्र विषय का पेपर संपन्न हुआ। इस परीक्षा में कुल 2 हजार 352 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2281 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 71 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।



**जिपं सीईओ ने 4 परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण :** 26 फ्रवरी को आयोजित हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा (राजनीति शास्त्र) के दौरान जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने जिले के चार परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिनमें मॉडल हाईस्कूल मुरैना, ऋ षि गालव स्कूल मुरैना, एसडीएम पब्लिक स्कूल तथा उत्कृष्ट विद्यालय मुरैना शामिल थे। उन्होंने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा केंद्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## मुरैना-कैलारस में मिठाई की 8 दुकानों पर सैंपलिंग, लिए नमूने

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 26 फरवरी।** होली के त्यौहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने बुधवार को मुरैना शहर

**अंबाह में दो जगहों से लिए गए मावा के नमूने, फूड सेफ्टी विभाग की टीमों ने बुधवार को कार्रवाई की**

सहित अंबाह-कैलारस में मिठाई की 9 दुकानों पर सैंपलिंग की कार्रवाई की। इस दौरान टीमों ने 8 अलग-अलग मिठाईयों एवं मावा के दो नमूने कलेक्ट किए। जिनको जांच के लिए भेजा



जाएगा।

फूड सेफ्टी ऑफिसर अवनीश गुप्ता ने मोबाइल लैब के साथ मुरैना नगर में सैंपलिंग की कार्रवाई की। इस दौरान कोतवाली पड़ाव स्थित गिर्राज मिष्ठान्न भंडार से पेड़ा और बेसन के लड्डू के सैंपल लिए। इसी क्रम में अग्रवाल स्वीट्स से बूंदी के लड्डू, न्यू मुरैना मिष्ठान्न भंडार चीनी हलवाई से मावा बरफी, मावा पेड़ा, टूटी फ्रूटी बरफी और महामाया मिष्ठान्न भंडार के पुरानी जीन स्थित गोदाम से मावा बरफी, बालूशाही के नमूने लिए। टीम को इस गोदाम पर 10 किग्रा दूषित एवं खराब मिठाई रखी मिली, जिसका मौके पर ही विनिष्टीकरण कराया गया।

**कैलारस में मिठाई की 4 दुकानों से भरे गए सैंपल:** एफएसओ महेन्द्र सिरोहिया एवं अनिल प्रताप सिंह परिहार की टीम ने 26 फरवरी को कैलारस नगर में मिठाई की 4 दुकानों पर कार्रवाई की। टीम ने एमएस रोड स्थित श्रीराम मिष्ठान्न भंडार से बेसन के लड्डू, गोयल मिष्ठान्न भंडार से मलाई बरफी, मिल्क केक के नमूने लिए। इसी क्रम में पहाड़गढ़ तिराहे पर स्थित गिर्राज मिष्ठान्न भंडार से मिल्क केक और श्रीजी मिष्ठान्न भंडार एमएस रोड से सोनपपड़ी का नमूना लिया है। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

### अंबाह में मावा भट्टी व मिठाई की दुकान पर सैंपलिंग



एफएसओ गिरीश राजौरिया ने बुधवार को अंबाह की ग्राम पंचायत गोठ में श्रीकृष्ण सिंह द्वारा संचालित मावा बनाने की भट्टी पर छापा मारा। यहां से मावा का नमूना लिया गया। दूसरी कार्रवाई पिनाहट रोड पर स्थित न्यू गोयल स्वीट्स पर की गई। टीम ने यहां से मावा का सैंपल लिया है।

## आशा-पर्यवेक्षकों को वार्षिक वृद्धि राशि का भुगतान हो

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 26 फरवरी।** नेशनल हेल्थ मिशन के तहत कार्यरत आशा एवं पर्यवेक्षक कार्यकर्ताओं ने 26 फरवरी को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मप्र आशा एवं आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ के बैनर तले सौंपा गया। ज्ञापन में मप्र

**एनएचएम कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

शासन द्वारा पूर्व में घोषित की गई वार्षिक वृद्धि की राशि 1 हजार रूपये एवं केन्द्र सरकार से जारी 1500 रूपये राशि के भुगतान सहित अन्य मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि एनएचएम के शुरू होने से अब तक देशभर में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने, संस्थागत



प्रसव को बढ़ावा देने, टीकाकरण, परिवार नियोजन, कुपोषण नियंत्रण सहित अन्य प्रोग्राम के क्रियान्वयन में आशा एवं पर्यवेक्षकों की अहम भूमिका रही है। इसके बाबजूद एनएचएच कार्यकर्ताओं को न्यूतनम वेतन, नियमित मानदेय, पेंशन, ग्रेच्युटी, सामाजिक सुरक्षा जैसे अधिकारों से वंचित रखा गया है। ज्ञापन में उल्लेखित 14 मांगों को कार्यकर्ताओं ने सरकार से शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया है।

## सेमीनार में छात्राओं को बताईं सिलाई कार्य की बारीकियां

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/सबलगढ़, 26 फरवरी।** सबलगढ शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुल्हौली में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अपरैल ट्रेड में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपरैल मास्टर ट्रेनर प्रीती शर्मा को आमंत्रित किया गया था।

**शासकीय हासे कुल्हौली में अपैरल ट्रेड पर व्याख्यानमाला आयोजित**

अतिथि व्याख्यान में प्रीती शर्मा ने छात्र-छात्राओं को सिलाई से संबंधित महत्वपूर्ण बारीकियों की जानकारी दी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विषय से जुड़ी तकनीकी जानकारी हासिल की। इस अवसर पर



विद्यालय के प्राचार्य योगेश कुमार शर्मा, अपैरल ट्रेड प्रभारी नीलम शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया गया।